सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 141 | इंदौर, बुधवार 29 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Uttarkashi Tunnel: 'हम सिर्फ क्रिकेट में ही शानदार नहीं...', अर्नोल्ड डिक्स को ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने दी बधाई
2. China: शी जिनपिंग के साथ 40 हजार डॉलर का डिनर! चीन में व्यापार मंजूरी की यह है कीमत
3. Maharashtra: 'बच्चों को अनुशासनहीनता सिखाएंगी तो..', शिक्षक भर्ती को लेकर महिला ने पूछे सवाल तो गुस्साए मंत्री
4. Israel-Hamas War: 'जमीन के नीचे बिना रोशनी और खाना...', हमास की कैद से रिहा हुए बंधकों ने बताई आपबीती
5. China: अज्ञात संक्रमण से जूझ रहे बच्चों को नहीं बख्श रहा चीन, पढ़ाई कराने को अस्पताल में ही बनाए 'होमवर्क जोन'
6. Bihar News : जमीन के बदले नौकरी घोटाला केस में सुनवाई आज, सीबीआई की चार्जशीट का जवाब देगा लालू परिवार



### ◆ सुबह 10 बजे तक

# छाया रहा कोहरा

## दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, पांचवीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार को हुई जोरदार बारिश के बाद आज यानी बुधवार सुबह मौसम ने फिर करवट ली। सुबह से ही इंदौर शहर और आसपास घना कोहरा छाया हुआ है। दो सौ मीटर दूर तक देखना मुश्किल हो रहा है। वहीं शहर के बाहर वाले रास्तों पर सौ मीटर दूर का दिखना मुश्किल हो रहा है। इससे वाहन चालकों को हेड लाइट ऑन करके गाड़ियां चलाना पड़ी। सुबह 10 बजे तक भी घना कोहरा बना है।**

दूसरी ओर मौसम विभाग का दावा है कि आज भी बारिश के आसार हैं। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी और तापमान में गिरावट आएगी। इससे एक बार फिर ठिठुरन बढ़ेगी जो दो दिन तक रह सकता है। मौसम केंद्र ने इस मामले में अलर्ट जारी किया है।

इधर, नर्सरी से पांचवीं तक के स्कूलों का समय बदल दिया गया है। आज से कोई भी निजी या सरकारी स्कूल सुबह नौ बजे के पहले नहीं लगाया जा सकेगा। बाकी की कक्षाएं पहले की तरह लगती रहेंगी।

रविवार को इंदौर में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी, जिसने नवंबर में पिछले दस साल की बारिश का रिकॉर्ड तोड़ा। सोमवार को भी लगभग दिनभर बारिश होती रही। हालांकि इस दौरान 2 मिमी बारिश ही दर्ज की गई। मंगलवार को सुबह से बादल छाने के साथ बीच में धूप भी निकली और बारिश नहीं हुई। इस दौरान दिन का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस (-5) रहा। दिनभर 11 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवा चली।





मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस 75 डिग्री लेटिट्यूड के सहारे अभी भी ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इसके साथ ही इन्डुज साइक्लोनिक प्रेशर जो गुजरात के ऊपर था, वह फतेहपुर की दिशा में मूव कर चुका है। दूसरी ओर पश्चिम मप्र से लगने वाले दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान में अभी भी साइक्लोनिक प्रेशर सक्रिय है। साथ में एक लो प्रेशर एरिया अंडमान सागर के आसपास भी सक्रिय हो चुका है। कुल मिलाकर सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। डॉ. सिंह के मुताबिक 29 नवम्बर की रात से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने का अनुमान है। इससे इंदौर-उज्जैन संभाग में एक बार फिर बारिश शुरू होगी।

# बावड़ी हादसे पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

## ◆ नगर निगम और मंदिर ट्रस्ट को नोटिस, स्लैब धंसने से 36 मौत हुई थीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के स्नेह नगर (पटेल नगर) स्थित बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए बावड़ी हादसे को लेकर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने नगर निगम और मंदिर ट्रस्ट को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। हादसा 30 मार्च 2023 को रामनवमी के दिन हुआ था। हवन-आरती कर रहे लोग बावड़ी की स्लैब धंसकने से 36 लोगों की मौत हो गई थी।**

हाईकोर्ट ने प्रशासन के वकील से पूछा कि मार्च 2023 की घटना है, इस मामले में अब तक क्या हुआ? गिरफ्तारी, चालान क्या हुआ है? चार्जशीट पर भी सवाल किया कि क्या वो भी फाइल नहीं हुई। क्यों नहीं हुई। मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट में क्या निकला, उसका क्या हुआ। इधर, पीड़ित पक्ष के वकील ने घटनाक्रम में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बताते हुए मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

### मुआवजा मंदिर ट्रस्ट से वसूला क्या - हाईकोर्ट

बावड़ी हादसे में मृतकों के परिवार और घायलों को अलग-अलग मुआवजा राशि दी गई थी। हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या यह राशि मंदिर ट्रस्ट से वसूली गई है। अगर नहीं तो क्यों नहीं वसूली गई। सरकार यह मुआवजा क्यों दे रही है। एफआईआर, चालान और मजिस्ट्रियल जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के आदेश भी हाई कोर्ट ने दिए।




### हाईकोर्ट में इस तर्क के बाद जारी हुए नोटिस

पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा- बेलेश्वर मंदिर ट्रस्ट को नोटिस दिया जाना चाहिए। क्योंकि आरोप और एफआईआर ट्रस्ट के ही खिलाफ है। ट्रस्ट ही जिम्मेदार है, लेकिन उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। सीबीआई से जांच कराई जाए, क्योंकि इसमें स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत है। घटना के कुछ समय पहले ही प्रशासन ने ट्रस्ट को नोटिस दिया था और आप उसका जवाब देखेंगे तो वो धमकाने वाला था। ट्रस्ट ने धार्मिक भावना और अशांति का हवाला अपने जवाब में दिया था। जबकि नगर निगम ने यह माना था कि बावड़ी जर्जर है। लोगों ने भी इसकी शिकायत की थी। इसके बावजूद बावड़ी पर निर्माण किया गया। नोटिस देने के तीन महीने बाद ही हादसा हो गया। इसमें राजनीतिक संलिप्तता है। इसी कारण आज तक किसी पर कोई एक्शन नहीं हुआ है और ना ही किसी की गिरफ्तारी हुई है।

वकील ने आगे कहा कि मजिस्ट्रियल जांच में क्या हुआ उसका भी कोई पता नहीं है। हमें जिस बात की आशंका थी प्रशासन वो ही कर रहा है। इसके बाद प्रशासन ने शहर के तमाम कुएं और बावड़ी को बैरिकेडिंग से बंद कर दिया। उन्हें (प्रशासन और ट्रस्ट) नोटिस तक जारी नहीं हुए इसलिए किसी बात से डरते ही नहीं है। फिर से ऐसी घटना ना हो इसके लिए कोई तो एक्शन हो, गाइडलाइन बने। आठ महीने बाद भी मजिस्ट्रियल जांच में क्या हुआ ये भी नहीं बता पा रहे हैं।

# मतगणना की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने व्यवस्थाओं की तैयारियां की बैठक ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में 3 दिसम्बर को होने वाली मतों की गणना की व्यापक तैयारियां जारी है। मतगणना का कार्य नेहरू स्टेडियम में होगा। मतगणना की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये नोडल अधिकारी बनाकर उन्हें दायित्व सौंपे गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आज यहां इन नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर तथा अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने नोडल अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों की जानकारी देते हुए उनके द्वारा अभी तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतगणना की तैयारियां इस तरह की जाये कि किसी को भी परेशानी नहीं हो। सभी नोडल अधिकारी अपने सौपे गये दायित्वों की माइक्रो प्लानिंग भी तैयार करे और उसे कार्य रूप में परिणित करें। कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाये। निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसे पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाये। अधिकारी बेहतर से बेहतर कार्य करें।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इसके पूर्व टीएल की बैठक भी ली। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन करते रहे। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे।

# जिले में 10 दिसम्बर को होगा पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण

### डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 को आयोजित किया गया है। यह अभियान 12 दिसम्बर तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष आयु तक के 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी। अभियान की व्यापक तैयारियां चल रही है। इसके लिये जिले में सूक्ष्म कार्य योजना तैयार की जा रही है।**

इस अभियान की तैयारियों के लिये आज यहां कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर तथा श्री राजेन्द्र रघुवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. एस.एल. सोढ़ी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में पल्स पोलियो अभियान के इस अतिरिक्त चरण में 5 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई जायेगी। अभियान के पहले दिन 10 दिसम्बर को निर्धारित टीकाकरण बूथों पर तथा अन्य दो दिन 11 और 12 दिसम्बर को घर-घर जाकर पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि यह अभियान प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित होगा।

## कटाक्ष




# पंच कल्याणक महोत्सव का पांचवां दिन

### ज्ञान कल्याणक मनाया, बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के एयरपोर्ट के समीप श्री अजित नाथ त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मॉडर्न सिटी में पंच कल्याणक महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ मनाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को ज्ञान कल्याणक मनाया गया। सुबह की नित्य पूजन विधि व आचार्य प्रज्ञा सागर प्रवचन के बाद मुनि आदि कुमार की आहार विधि संपन्न करवाई गई। इसके बाद भक्तों ने मुनिश्री को गाजे बाजे के बीच नाचते गाते विहार करवाया।

आयोजन प्रमुख पवन जैन ने बताया की दोपहर में केवल ज्ञान संस्कार क्रिया, समवशरण रचना की। शाम को आनंद यात्रा, आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को अतिथि स्वागत आशीष गंगवाल, जितेन्द्र गंगवाल, मयंक गदीया ने किया। धर्मसभा का संचालन जैनेश झांझरी, संगीता विनायका, टोनी गंगवाल, आभार रवि पाटनी ने माना। भोजन पुण्यार्जक विमल झांझरी, तेजकुमार गंगवाल परिवार ने प्राप्त किया। दीप प्रज्ज्वलन भूपेन्द्र गंगवाल, शीतल काला ने किया। पाद प्रक्षालन राजा श्रेयांस महेंद्र गंगवाल परिवार वालों ने एवं शास्त्र भेंट अनिल-निधि समया वालों ने किया। भगवान के प्रथम आहार का सौभाग्य राजा श्रेयांश महेन्द्र गंगवाल बारदाना परिवार को मिला। बुधवार, 29 नवंबर को मोक्ष कल्याणक मनाए जाने के साथ ही छः दिनों उत्सव का समापन होगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉ. रचना दुबे सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सक्रिया स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो की संचालक सह इनफर्टिलिटी एवं सर्वाइकल कैंसर प्रिवेंशन क्लीनिक की प्रभारी डॉ. रचना दुबे को 27 नवंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशन फेस्टिवल 2023 में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में डॉ. दुबे को नेशनल पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड उन्हें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में ह्यह्यआउटस्टेन्डिंग इनीशिएटिव फॉर प्रमोटिंग मेडिकल एण्ड हैल्थ केयर सर्विसेसह्यह्य श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में राज्यसभा सदस्य एवं विख्यात संस्कृति कर्मी डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विदेष मंत्रालय में राजदूत श्री राजशेखर एवं पब्लिक रिलेषन सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजीत पाठक सहित 500 से अधिक जनसंपर्क प्रोफेशनल्स उपस्थित थे। गौरतलब है कि डॉ. रचना दुबे महिलाओं में पीसीओएस जो कि एक लाइफस्टाइल डिस्आर्डर है, का हॉलिस्टिक ट्रीटमेंट प्रदान कर रही हैं। यह, जो महिलाओं के प्रजनन, मानसिक और शारीरि स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इनमें से कई लड़कियों को अनियमित मासिक धर्म, हार्मोनल असंतुलन, अनचाहे बाल, मुंहासे, मोटापा, मूड स्विंग्स, तनाव एवं गर्भधारण करने मेंकठिनाई होती है, जिसका असर उनके सामाजिक जीवन और शिक्षा पर भी पड़ता है। डॉ. रचना दुबे ने अपने अभिनव प्रयासों से दवाओं के साथ पीसीओएस की समस्या से समग्र रूप से निपटने के लिए संपूर्ण आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं एंथ्रोपोमैट्रिक मापदंडों के आकलन हेतु हैल्थ मूल्यांकन प्रारुप भीतैयार किया है।

# मतगणना की व्यापक तैयारियां जारी

## ◆ कलेक्टर ने व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 3 दिसम्बर को होने वाली मतों की गणना की व्यापक तैयारियां जारी है। मतगणना का कार्य नेहरू स्टेडियम में होगा। मतगणना की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये नोडल अधिकारी बनाकर उन्हें दायित्व सौंपे गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आज यहां इन नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय-सीमा में सुनिश्चित करें।**

बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर तथा अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने नोडल अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों की जानकारी देते हुए उनके द्वारा अभी तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतगणना की तैयारियां इस तरह की जाये कि किसी को भी परेशानी नहीं हो। सभी नोडल अधिकारी अपने सौपे गये दायित्वों की माइक्रो प्लानिंग भी तैयार करे और उसे कार्य रूप में परिणित करें। कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाये। निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसे पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाये। अधिकारी बेहतर से बेहतर कार्य करें। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इसके पूर्व टीएल की बैठक भी ली। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन करते रहे। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे।

# ग्रामीण तर्ज पर हुआ दीवाली मिलन समारोह



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा द्वारा गत दिवस दीवाली मिलन गांव का मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य अपनी संस्कृति एवं गांव के सादे जीवन के अनुभव को मानसपटल पर फिर से अनुभव कराना था।

गांव को नाम दिया अहिल्यापुर। गांव की संस्कृति अनुसार ही द्वार पर गेरू से मांडना बनाया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को चंदन कंकू कर चांदी के सिक्के का उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कायक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम के साथ हुआ। अतिथी दीपाली जैन के स्वागत पश्चात अध्यक्ष प्रीति राकेश धनोते ने अतिथियों को सम्बोधित किया। ग्रामीण पृष्ठ भूमि के तहत मेले मे जाम, बोर, कबीट, गन्ने का दुकान आदि की दुकानें सजाई गई थी। बच्चों के मनोरंजन के लए लकडी का घोडा और कठपुतलिया करतब भी था। यहा पर विशेष रूप से झोपडी में चक्की, सिगडी, चूल्हा, कंडे आदि से गांव की याद का ताजा किया गया। गांव की चौपाल भी लगाई गई। कार्यक्रम में राजेंद्र सुलोचना मंत्री, नीरज सपना अग्रवाल संयोजक, विपिन हेमा जैन, भरत प्रीति नागर, गिर्राज प्रियंका गुप्ता, राजेश संध्या पोरवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस आयोजन मे संजय सूयवंशी का अहम सहयोग रहा। अंत में आभार सचिव अजय शमा ने माना।

# दिसंबर माह में तीन परीक्षाएं आयोजित कर डाली

## ◆ अभ्यार्थी तो नाराज है, राजनीति भी गरमाने लगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग ने दिसंबर माह में तीन परीक्षाएं आयोजित कर डाली। इससे अभ्यार्थी तो नाराज है, राजनीति भी गरमाने लगी है। कांग्रेस नेता दिसंबर माह के 20 दिनों में तीन परीक्षाएं कराने पर सवाल उठा रहे है और कह रहे है कि मध्य प्रदेश सरकार छात्रों के प्रति असंवेदनशील है।

पिछले दिनों अभ्यार्थियों ने इस मामाले में पीएससी मुख्यालय प्रदर्शन कर मांग पत्र भी सौंप चुके है। उनका कहना है कि एक माह में आखिर तीन परीक्षाएं आयोग किस आधार पर लेता है। अभ्यार्थी इतनी जल्दी तैयारियां कैसे कर सकेंगे। युवा अलग-अलग परीक्षाएं देते है। यह आयोग को सोचना चाहिए। पीएससी ने राज्य वन सेवा 2022 की मुख्य परीक्षा 10 दिसंबर से आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके अलावा राज्यसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 17 दिसंबर और राज्यसेवा 2022 मुख्य परीक्षा 26 से 31 दिसंबर तक करवाने की घोषणा की है। इन तीन परीक्षा के अलावा 16 दिसंबर को सहायक कुलसचिव के साक्षात्कार भी रखे गए है। वहीं 17 और 18 दिसंबर को डीएफसीसीआईएल की भर्ती परीक्षा भी है। इसी महीने एकलव्य विद्यालय की कर्मचारी चयन परीक्षा भी है। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो इनमें से दो या तीन परीक्षाओं में शामिल होते है। इससे पहले पीएससी ने एक माह में इतनी परीक्षाएं आयोजित नहीं की। इस मामले में कांग्रेस राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने ट्वीट कर अलग-अलग परीक्षा में गैप रखने की मांग की है। कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवा पहले से ही परीक्षा में हुए घाटालों से हताश है। पहले चार सालों में एक भी नियुक्तियां नहीं की गई और एक के बाद एक तीन परीक्षाएं ली जा रही है। यह गलत है।

# मतगणना की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 24 अधिकारियों को बनाया गया नोडल अधिकारी

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने जारी किये आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत इंदौर जिले की समस्त 9 विधानसभाओं की मतगणना 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से नेहरू स्टेडियम में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने मतगणना सुचारू एवं सुव्यवस्थित संपादित करने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है। सभी अधिकारी अपने सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन समय अवधि में करेंगे।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा जारी आदेशानुसार उक्त व्यवस्थाओं के लिये जिले में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्रीमती सपना लोवंशी, श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी, सुश्री निशा डामोर, श्री रोशन राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईडीए श्री आर.पी. अहिरवार, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभिलाष मिश्रा को समन्वय कर्ता अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मेन पावर प्रबंधन का कार्य वरिष्ठ जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी श्री माधव बैंडे को दिया गया है। इसी तरह वीडियोग्राफी, सीसीटीवी प्रबंधन का कार्य अनुविभागीय अधिकारी हातोद श्री अजय भूषण शुक्ला को दिया गया है। चिकित्सा प्रबंधन का कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, प्रशिक्षण प्रबंधन का कार्य भू-अर्जन अधिकारी इंदौर विकास प्राधिकरण श्री सुदीप मीणा, भोजन एवं स्वल्पाहार प्रबंधन का कार्य जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री मोहनलाल मारू, सुरक्षा प्रबंधन का कार्य अनुविभागीय अधिकारी हातोद श्री अजय भूषण शुक्ला, तकनीकी एवं इंटरनेट संसाधन व्यवस्था, संकेतक/ सूचना बोर्ड/ गणना हॉल ब्लेक बोर्ड व्यवस्था का कार्य संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, मतगणना स्टेशनरी, सामग्री एवं सीलिंग सामग्री तथा सीलिंग प्रबंधन व्यवस्था का कार्य का कार्य प्रभारी डिप्टी कलेक्टर इंदौर श्री चंद्रसिंह धारवे को दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रिया वर्मा को डाक मत पत्र ईटीपीबीएस व्यवस्था का कार्य दिया गया है।

इसी तरह प्रेक्षक प्रबंधन व्यवस्था सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे, विद्युत व्यवस्था प्रबंधन कार्यपालक यंत्री लोक निर्माण विभाग ईएण्डएम श्री वी.के. जैन, टेंट, माइक, साउंड एवं आवश्यक संसाधन सुविधा व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री मनोज सक्सेना, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था अपर आयुक्त नगर निगम श्री मनोज चौरसिया, यातायात, परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था संयुक्त कलेक्टर श्री विजय मंडलोई, आईटी संचार व्यवस्था सूचना अधिकारी श्रीमती प्रीति कोठारी, उद्घोषणा व्यवस्था प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री सीमा कनेश, परिचय पत्र/प्रवेश पत्र व्यवस्था परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण श्री प्रवीण उपाध्याय, विधानसभावार मतगणना व्यवस्था संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को दी गई है। स्ट्रांग रूम संबंधी व्यवस्था वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका सोनी देखेंगी। मानदेय वितरण का कार्य भी श्रीमती मोनिका सोनी को दिया गया है। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा को मतगणना के पश्चात ईव्हीएम प्रबंधन तथा उन्हें वेयरहाउस में पहुंचाने और व्यवस्थित रूप से रखवाने का कार्य दिया गया है।

# हम अपने छात्रों को हांगकांग से इंदौर भेजने के लिए बेहद उत्सुक हैं, शिक्षा-संस्कृति का आदान प्रदान जरूरी

**इंदौर।** आईआईएम इंदौर iim indore ने हांगकांग बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी (एचकेबीयू) के साथ एमओयू किया है। नए पाठ्यक्रम तैयार करने, जॉइंट रिसर्च करने और स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज को बढ़ावा देने के लिए यह एमओयू हुआ है। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय और एचकेबीयू के वाइस प्रेसिडेंट (टीचिंग एवं लर्निंग), डॉ. अल्बर्ट चाउ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य वैश्विक शैक्षणिक सीमाओं को पाटने और अंतर-सांस्कृतिक अनुभवों को बढ़ावा देना है। इससे न केवल



विविध शिक्षण के लिए उचित वातावरण तैयार होगा, बल्कि दोनों संस्थानों प्रयासों से नई चर्चाएं भी प्रेरित होंगी। इनसे नए पाठ्यक्रमों पर विचार किया जाएगा। प्रो. हिमांशु राय ने कहा, हमने पिछले पांच वर्षों में 18 अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं और यह 19वां सहयोग है। यह साझेदारी वैश्विक उत्कृष्टता और सहयोगात्मक शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एचकेबीयू के साथ मिलकर हमारा लक्ष्य भौगोलिक सीमाओं से परे नवीन शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक मंच तैयार करना है। इससे दोनों संस्थानों के फैकल्टी और स्टूडेंट्स को लाभ होगा।

# भोपाल, सागर, ग्वालियर-चंबल में कोहरा

## आज से नया सिस्टम बनेगा, आकाशीय बिजली गिरने का अंदेशा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में बुधवार सुबह इंदौर, भोपाल, सागर, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से 1 किमी तक विजिबिलिटी रही। 10 बजे के बाद कोहरा कुछ छटा जरूर, लेकिन हल्की धुंध छाई हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी हल्की बारिश होती रहेगी। दिन का टेम्प्रेचर 8 से 9 डिग्री तक लुढ़क गया है।**

मौसम बदलने से प्रदेश के कई शहरों में दिन का टेम्प्रेचर भी लुढ़क गया। इस वजह से भोपाल, डिंडोरी-सागर में नर्सरी से पांचवीं तक की कक्षाओं की टाइमिंग बदल दी गई है। यहां बुधवार सुबह 9 बजे से क्लास लगीं।



### छिंदवाड़ा-सिवनी सबसे ठंडे, पारा 18.4 डिग्री रहा

छिंदवाड़ा लगातार दूसरे दिन प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 18.4 डिग्री रहा। सिवनी में भी पारा 18.4 डिग्री ही दर्ज किया गया। इसी तरह बैतूल में 21 डिग्री, भोपाल में 25.7 डिग्री, धार में 22 डिग्री, गुना में 25 डिग्री, ग्वालियर में 24.9 डिग्री, नर्मदापुरम में 24.9 डिग्री, इंदौर में 24 डिग्री, खंडवा में 24.1 डिग्री, खरगोन में 28 डिग्री और पचमढ़ी में 25 डिग्री तापमान रहा।

रतलाम में 24.2 डिग्री, शिवपुरी में 28 डिग्री, उज्जैन में 24.8 डिग्री, दमोह में 21 डिग्री, जबलपुर में 20 डिग्री, खजुराहो में 24.4 डिग्री, मंडला में 19.6 डिग्री, नरसिंहपुर में 24 डिग्री, नौगांव में 25 डिग्री, रीवा में 25.8 डिग्री, सागर में 21.2 डिग्री, सतना में 25.2 डिग्री, सिवनी में 18.4 डिग्री, सीधी में 24.2 डिग्री, उमरिया में 22.1 डिग्री, मलाजखंड में 18.5 डिग्री और शाजापुर में पारा 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आज रात से नया सिस्टम एक्टिव होगा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि स्ट्रॉन्ग सिस्टम की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। मंगलवार को सिस्टम भले ही कमजोर हुआ, लेकिन बारिश की एक्टिविटी जारी रही। कई शहरों में हल्की बारिश हुई। 29 नवंबर की रात से फिर नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे बारिश का दौर फिर से शुरू होगा। सबसे ज्यादा इंदौर-उज्जैन संभाग में बारिश होगी। 30 नवंबर को देवास, सीहोर, शाजापुर, धार, इंदौर, उज्जैन, राजगढ़, भोपाल समेत अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश में 1 दिसंबर को भी मौसम बदला हुआ रहेगा।

### दिसंबर में भी होगी बारिश

भोपाल में बारिश का एक दौर और आने की संभावना है। साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर की शुरूआत भी बारिश से हो सकती है। 30 नवंबर को उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच रहा है। राजधानी में मंगलवार को दिन का तापमान 20.2 डिग्री तक पहुंच गया। अमूमन दिसंबर-जनवरी में दिन के टेम्प्रेचर में इतनी गिरावट होती है, लेकिन इस बार नवंबर के आखिरी सप्ताह में ही टेम्प्रेचर इतना लुढ़क गया। 13 साल में नवंबर सबसे सर्द है। हालांकि, नमी की वजह से रात के तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं आई है।

### इंदौर में सुबह नौ बजे तक छाया घना कोहरा

इंदौर में मंगलवार का अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहा, तो रात का न्यूनतम तापमान 16.4 दर्ज किया गया। बुधवार सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। दो सौ मीटर दूर तक देखना मुश्किल हो रहा है। शहर के बाहर वाले रास्तों पर सौ मीटर दूर का दिखना मुश्किल हो रहा है। लोगों को हेड लाइट ऑन करके गाड़ियां चलानी पड़ी। यह स्थिति सुबह नौ बजे तक रही। मौसम विभाग का कहना है कि इंदौर में आज बारिश के आसार हैं। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी और तापमान में गिरावट आएगी। इससे एक बार फिर ठिठुरन बढ़ेगी जो दो दिन तक रह सकती है। मौसम केंद्र ने इस मामले में अलर्ट जारी किया है।

### आकाशीय बिजली को लेकर एडवाइजरी जारी

मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि सिस्टम की एक्टिविटी के दौरान आकाशीय बिजली भी गिरने का अंदेशा है, इसलिए एडवाइजरी जारी की गई है। लोग बादलों की गरज-चमक के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न हो। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। खेतों में काम करते समय गर्जन होने पर घरों में पहुंचे। कोहरा होने पर गाड़ियां संभलकर चलाएं।

# जबलपुर में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

## आंखों-जांघों पर किए वार, पेट चीर दिया मां बोली- बेटा बेकसूर था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। शहर के भीड़भाड़ वाले सिविक सेंटर इलाके में आधा दर्जन हमलावरों ने बीच रोड पर चाकूबाजी की। युवक की आंख और जांघ पर 10 से ज्यादा वार किए। उसका पेट चीर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने देर रात ही केस दर्ज कर लिया।**

बेटे की मौत के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की मां ने कहा कि बेटा कभी किसी से लड़ता-झगड़ता नहीं था। उसे बेकसूर मारा गया। अगर उसकी कोई गलती थी तो हमसे कहते, उसे दुनिया से रुखसत कर दिया, मेरे दिल का टुकड़ा चला गया...।

बेलबाग थाना क्षेत्र के लकड़गंज का रहने वाला 20 साल का मुसाहिद खान अपने रिश्तेदार सोहेल खान के साथ रात में चाय पीने और कुछ खाने के लिए चौपाटी, सिविक सेंटर गया था।

सोहेल खान ने बताया कि हमलावर पहले से सिविक सेंटर में खड़े थे। हमें जाता देख पूछा-मुसाहिद कौन है। मुसाहिद का पता लगते ही उसे मारने-पीटने लगे। हमलावर 8-9 से ज्यादा थे। उन्होंने हमला करने की वजह नहीं बताई। हमले के बाद आरोपी भाग निकले। मुख्य आरोपी भारतीपुर निवासी सुजल सोनकर है। घायल मुसाहिद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

**तीन आरोपी गिरफ्तार-** ओमती पुलिस ने तीन आरोपियों मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सुजल सोनकर (20), अमन तिवारी उर्फ कंचा (19) और आदित्य झा (19) को हिरासत में लिया गया है। सुजल का भाई चीनू सोनकर फरार है।

# हमिरिया डैम से पानी नाले में छोड़े जाने का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** मंगलवार को दोपहर जिले की जीरन तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम केलुखेड़ा, बामनीया, भवरासा रातडिया, चंपी, अरनिया मानगिर, भाटखेड़ा, काली कोटड़ी के ग्रामीणजन कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर किरण आंजना को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों और किसानों ने मांग की है कि हमिरिया डेम से हर वर्ष मि तरह इस वर्ष नहरों में पानी नही छोड़ा जाए। किसानों ने आरोप लगाया की राजनैतिक दबाव में पानी छोड़ा जा रहा है। जबकि इस वर्ष अल्प वर्षा हुई और बांध में पानी कम है जिससे आसपास के किसानों को ही पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पेयजल की समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस की मौजूदगी में जबरन नाले में छोड़े जाने वाले पानी को रोका जाए। इस दौरान उक्त गांव के ग्रामीण और किसान मौजूद रहे।

# पन्ना में बस पलटी, दो की मौत

## ◆ धार में बस ने ट्रक को टक्कर मारी, 11 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पन्ना में मंगलवार को एक यात्री बस बेकाबू होकर पलट गई। एक यात्री और क्लीनर की मौके पर मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। पुलिस ने घायलों को बस से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया है। बस बृजपुर से सतना जा रही थी। इसी दौरान पहाड़ीखेड़ा रोड पर बस पलट गई। शवों को जेसीबी की मदद से निकाला गया।**

### धार में बस ने ट्रक को टक्कर मारी, 11 घायल

धार जिले में एक यात्री बस ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गया। हादसे में बस सवार 11 लोग घायल हुए हैं। सभी जिला अस्पताल में भर्ती हैं। हादसा धामनोद में बिखरोन बायपास पर सोमवार रात करीब 2 बजे हुआ। घायलों में अधिकतर लोग राजस्थान के रहने वाले हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो की मौत

दमोह में देर रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हैं। दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांजी पिंडरई के पास यात्रियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में दबने से एक वृद्धा और युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. अमन सोनी ने बताया कि मृतकों में पार्वती (65) पति धनसिंह और रोशनी (19) पिता झाड़र सिंह शामिल हैं। गंभीर घायल सुनीता (45) पति भूरे सिंह लोधी और भगवती (45) पति मोहन सिंह को जबलपुर रेफर किया गया है।

# आठ अधिकारी बनाए जाएंगे विशेष महानिदेशक

## दो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** वर्ष 2024 में विशेष महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और उप पुलिस महानिरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई। पद की उपलब्धता के आधार पर पदोन्नति होगी। आठ अधिकारियों को विशेष महानिदेशक और दो अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद पर पदोन्नत करने के लिए पात्र पाया गया है।

मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की अध्यक्षता में हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 1990 और 1991 बैच के अधिकारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक पद पर पदोन्नत करने के लिए पात्र पाया गया। इसमें विजय कटारिया, अनुराधा शंकर, बीबी शर्मा, वरूण कपूर, उपेंद्र कुमार जैन, आलोक रंजन, प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव और योगेश मुदगल शामिल हैं। वहीं, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद के लिए 1999 बैच के अधिकारी राकेश गुप्ता और दीपिका सूरी पात्र पाए गए हैं।पुलिस महानिरीक्षक पद के लिए 2006 बैच के अरविंद कुमार सक्सेना, मिथलेश शुक्ला, अनुराग शर्मा, आरआरएस परिहार, अनिल सिंह कुशवाह, रुचिवर्धन मिश्रा, चंद्रशेखर सोलंकी, टी अमोंग्ला अय्यर, चैत्रा एन, राजेश हिंगणकर, अशुमान सिंह, मिथिलेश शुक्ला और मनीष कपूरिया को पात्र पाया गया।इसी तरह उप पुलिस महानिरीक्षक पद के लिए 2009 और 2010 बैच के 26 अधिकारियों को पात्र पाया गया है। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे पद उपलब्ध होंगे, अधिकारियों को पदोन्नत किया जाएगा।बैठक में पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजौरा और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे।

New Delhi

# श्रमिकों से प्रधानमंत्री मोदी ने की बात, सबा अहमद ने बताया साथ में खाया खाना, मॉर्निंग वॉक और किया योगा

**नई दिल्ली**। उत्तराखंड की सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद सुरक्षित निकाले गए श्रमिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बात की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर जब नाम पूछा तो युवा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के सबा अहमद से बात हुई. PM Modi ने सबा अहमद से कहा कि मैं मेरा टेलीफोन स्पीकर पर रखा है, ताकि मेरे साथ जो लोग बैठे हैं, वे भी आपकी बातें सुनना चाहेंगे.

पीएम मोदी ने सबा अहमद से कहा कि सबसे पहले तो मैं आप और आपके सभी साथियों को बधाई देता हूं कि इतने संकट के बाद भी निकाल पाए. ये मेरे लिए बहुत खुशी की बात है. मैं इसका शब्दों में वर्णन नहीं कर सकता हूं. ये केदारनाथ बाबा और बद्रीनाथ भगवान की कृपा रही कि आप लोग सब सकुशल आए हैं.

मोदी ने कहा कि 16-17 दिन का समय कम नहीं होता है.



आप लोगों ने बहुत बड़ी हिम्मत दिखाई. एक-दूसरे का हौसला बनाए रखा. ये सबसे बड़ी बात है. आप लोगों ने इतना धैर्य रखा. मैं लगातार जानिकारियों लेता रहता था. मुख्यमंत्री से भी लगातार संपर्क में रहता था. मेरे पीएमओ के अफसर वहां आकर बैठे थे.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें जानकारियां रहती थीं, लेकिन चिंता तो कम होती नहीं है.जानकारियों से समाधान तो होता नहीं है. वहां जितने भी श्रमिक निकलकर आए हैं, उन सबके परिवार का पुण्य भी काम आया है, जिससे वे इस संकट की घड़ी से बाहर निकलकर आए हैं.

पीएम से बात करते हुए सबा अहमद ने कहा कि हम लोग इतने दिनों तक टनल में फंसे रहे, लेकिन हम लोगों को एक दिन भी ऐसा कुछ भी एहसास नहीं हुआ कि हम लोगों को कुछ ऐसी कमजोरी हो रही है या कोई घबराहट हो रही है. टनल के अंदर हमें ऐसा कुछ नहीं हुआ. वहां 41 लोग थे, और सब भाई की तरह रहते थे.

Uttarpradesh

## फेसबुक फ्रेंड ने शादी की दावत में पहुंचकर किया हंगामा, शादी का पता चला तो दूल्हे के साथ मारपीट

**कोसीकलां**। मथुरा में कोसीकलां के पुराना जीटी रोड स्थित पुलिस चौकी के बराबर जाटव बस्ती में एक युवक के शादी समारोह में एक युवती ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक एवं युवती को समझा बुझाकर थाना ले गई। मंगलवार की शाम करीब 7.30 बजे पुराना जीटी रोड स्थित पुलिस चौकी के बराबर जाटव बस्ती में शादी समारोह की दावत चल रही थी। इसी दौरान वहां पहुंची दिल्ली निवासी एक युवती ने पहुंचकर दूल्हे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके चलते दावत में अफरा तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस युवक-युवती को समझाकर अपने साथ थाना ले गई। प्रभारी निरीक्षक चेतराम शर्मा ने बताया कि युवती नगर निवासी युवक की फेसबुक फ्रेंड है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर निवासी एक युवक की दिल्ली निवासी युवती से फेसबुक पर दोस्ती हो गई। मंगलवार को युवक की शादी समारोह की दावत चल रही थी और बुधवार को युवक की बारात अलीगढ़ जानी है। युवती को युवक की शादी की पता लगते ही वह घर पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। उन्हें

Bihar

## सहरसा से पूर्णिया जा रही पैसेंजर ट्रेन पर पथराव, महिला समेत कई यात्री घायल

**सहरसा**। बिहार के सहरसा में असामाजिक तत्वों ने यात्रियों से भरी एक ट्रेन में पथराव कर दिया। घटना मंगलवार शाम करीब 6 बजे की है, जिसमें एक महिला को सिर में चोट लग गई। वहीं कुछ अन्य यात्री भी पत्थर लगने से घायल हुए हैं। पथराव होने के बाद ट्रेन की बोगी में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया।

जानकारी के मुताबिक सहरसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 से पूर्णिया कोर्ट के लिए शाम 6 बजे पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई। ट्रेन करीब 15 मिनट की देरी से खुली। थोड़ी देर बाद शहर के झपड़ा टोला रेल फाटक संख्या 106 पास पर जैसे ही ट्रेन पहुंची, बाहर से बोगी में पथराव कर दिया गया।

खिड़की के पास बैठी एक महिला समेत चार यात्रियों को पत्थर लगने से चोट लग गई। महिला यात्रा धुलिया देवी के सिर में चोट लगी है, वह

Uttarpradesh

## मथुरा में बड़ा सड़क हादसा: बरातियों से भरा ट्रैवलर टकराया, चार की मौत; हरियाणा से मथुरा आई थी बरात

**आगरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में देर रात आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां हरियाणा से मथुरा आई बरात का ट्रैवलर किसी वाहन से टकरा गया। इस भीषण हादसे में चार बरातियों की मौत हो गई, जबिक आठ लोगों के घायल होने की सूचना है।**

ये हादसा थाना कोसीकलां क्षेत्र के अंतर्गत आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर हुआ। बताया गया है कि हरियाणा के पलवल से मथुरा में बरात आई थी। सभी बराती दावत खाने के बाद टैंपो ट्रैवलर से वापस जा रहे थे। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन से ट्रैवलर टकरा गया। हादसे में चार बरातियों की मौत हो गई, जबकि आठ बराती घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही कोसीकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने के साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने के बाद मृतकों के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद शादी वाले घर में कोहराम मचा हुआ है।

खेल

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी20 में भारत को पांच विकेट से हराया, ग्लेन मैक्सवेल ने की रोहित शर्मा के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

**गुवाहाटी। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी20 में भारत को पांच विकेट से हरा दिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 222 रन बनाए थे। ऋतुराज गायकवाड़ ने 57 गेंद में 123 रन की पारी खेली थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया को आखिरी पांच ओवर में 78 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम ने 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। 15 ओवर के बाद जहां भारत ने तीन विकेट गंवाकर 143 रन बनाए थे, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट गंवाकर 145 रन बनाए थे। मैथ्यू वेड और ग्लेन मैक्सवेल क्रीज पर थे। इन दोनों ने शानदार साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिलाई।**

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जो अभी तक भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा के नाम दर्ज था। ग्लेन मैक्सवेल




टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों की लिस्ट में रोहित शर्मा के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ मंगलवार 28 नवंबर को खेले गए टी20 इंटरनेशनल मैच में तूफानी शतक ठोका।

ग्लेन मैक्सवेल से पहले रोहित शर्मा एकलौते ऐसे बल्लेबाज थे, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में चार शतक जड़ने का कारनामा किया था। अब ग्लेन मैक्सवेल ने भी ये कमाल कर दिखाया है। यही दो बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इस उपलब्धि को अपने नाम किया। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने की बराबरी भी कर ली।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने महज 47 गेंदों में शतक पूरा किया। इतनी ही गेंदों में एरोन फिंच और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में शतक जड़ा था। इंग्लिस के बल्ले से तो इसी सीरीज के पहले मैच में 47 गेंदों में शतक निकला था। हालांकि, वह पारी किसी काम नहीं आई थी, क्योंकि भारत ने उस मैच में जीत दर्ज की थी। फिंच ने इंग्लैंड के खिलाफ 2013 में ये कमाल किया था।

T20I में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज

4 - रोहित शर्मा
4 - ग्लेन मैक्सवेल
3- बाबर आजम
3 - सबावून डेविसी
3 - कॉलिन मुनरो
3- सूर्यकुमार यादव

मैक्सवेल दुनिया के इकलौते बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने सक्सेजफुल रन चेज में तीसरा शतक जड़ा है। अभी तक पाकिस्तान टीम के बल्लेबाज बाबर आजम दो शतकों के साथ शीर्ष पर थे, लेकिन मैक्सवेल ने उनको पीछे छोड़ दिया। मैक्सवेल ने तीसरी बार रन चेज करते हुए टीम को शतक जड़कर जीत दिलाई है। बाबर आजम पाकिस्तान के लिए दो बार ऐसा कर चुके हैं।

सिनेमा

## सलमान की बढ़ाई जाएगी सिक्योरिटी? पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल पर हमले के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट



पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित घर पर देर रात हमला किया गया था. उन्हें एक फेसबुक पोस्ट के जरिए धमकी भी दी गई थी. धमकी में गिप्पी से कहा गया था कि क्योंकि वो सलमान खान के दोस्त हैं, इसलिए उनके साथ ऐसा हो रहा है. अब इस मामले में नया अपडेट आया है. मुंबई पुलिस ने सलमान की सिक्योरिटी का रिव्यू किया है. वहीं, उस फेसबुक पोस्ट करने वाले अकाउंट को भी खंगाला गया है.

मामले की जांच करते हुए मुंबई पुलिस ने एक्टर सलमान खान की सिक्योरिटी का रिव्यू किया. वहीं, उन्हें इस धमकी के बारे में सूचित किया गया. मुबंई पुलिस ने इस फेसबुक वाली धमकी के बारे में सलमान को इन्फॉर्म किया. सलमान को फेसबुक पोस्ट के जरिए इनडायरेक्ट धमकी दी गई है. ये अकाउंट लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बनाया गया है. इसमें उसकी फोटो तक यूज की गई है.

## संपादकीय

# गंभीरता से चिंतन की जरूरत

उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने में आखिरकार कामयाबी मिल ही गई। सत्रह दिनों से इकतालीस मजदूर उसमें फंसे थे। शुरू में लगा था कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है और जल्दी उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा। मगर जब राहत और बचाव का काम शुरू हुआ तब अंदाजा हुआ कि यह आसान काम नहीं है। सुरंग में गिरे मलबे को हटाने में हर कदम पर परेशानियां खड़ी होने लगीं। आखिरकार सुरंग के अगल-बगल से खुदाई की कोशिश हुई। उसमें भी कामयाबी नहीं मिल पाई। यहां तक कि खुदाई के लिए जो अत्याधुनिक और शक्तिशाली आगर मशीन लगाई गई, वह भी टूट गई और उसके पुर्जे उसमें फंस गए। तब ऊपर से सीधी खुदाई करके श्रमिकों तक पहुंचने का रास्ता बनाया गया। उसमें भी आखिरी छोर तक पहुंच कर परेशानियां खड़ी हो गई। आखिरकार हाथ से खुदाई करके रास्ता तैयार किया गया। उसमें एक चौड़ी पाइप डाली गई और उसके रास्ते ट्राली की मदद से उन्हें बाहर निकालने का उपाय किया गया। स्वाभाविक ही इस घटना पर पूरे देश की नजरें लगी रहीं और श्रमिकों के परिजनों और आम लोगों को इतने दिनों तक तरह-तरह की आशंकाएं घेरे रहीं। मगर अच्छी बात है कि राहत और बचाव में जुटे विशेषज्ञों ने हिम्मत नहीं हारी और सदा उम्मीद से भरे रहे। रेलवे से लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन तक जितने भी इस तरह के बचाव कार्य में विशेषज्ञता वाले विभाग हो सकते थे, सबकी मदद ली गई। केंद्र और राज्य सरकार लगातार इस पर नजर बनाए रहीं तथा बचाव कार्य में लगे लोगों का हौसला बढ़ाती रहीं। मगर इसमें सबसे सकारात्मक बात यह रही कि सुरंग में फंसे श्रमिकों ने हिम्मत नहीं हारी और वे उस अंधेरी तंग सुरंग में जीवन की उम्मीद से भरे अपने बाहर निकाले जाने का इंतजार करते रहे। कई दिन बाद जब उन तक कैमरा पहुंचाया जा सका और उन सभी मजदूरों के सुरक्षित होने की सूचना मिली तो बचाव दल का उत्साह और बढ़ गया। इस पूरे राहत और बचाव कार्य में जितनी बड़ी कामयाबी विशेषज्ञों की रही उससे बड़ी कामयाबी श्रमिकों के हौसले की थी। इतने दिन किस तरह के भय और आशंकाओं के बीच उन्होंने सुरंग में अपने को जिंदा रखा, यह बड़े जीवट का उदाहरण है। इस विषम परिस्थिति में भी वे जीवन से निराश नहीं हुए। यों भी पहाड़ों पर ठंड रहती है, फिर दिवाली के बाद लगातार ठंड बढ़ती गई, उसमें उन्होंने किस तरह इतने दिन बिताए होंगे, सोच कर सिहरन होती है। निस्संदेह यह श्रमिकों के हौसले की जीत है। मगर इस घटना के बाद जो एक बड़ा प्रश्नचिह्न विकास परियोजनाओं के सामने लग गया है, उस पर संजीदगी से सोचने का भी यह एक बड़ा मौका है। निश्चित रूप से सिलक्यारा सुरंग बनाने वाली कंपनी को इस तरह के काम का लंबा अनुभव है, मगर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर जरूरी उपाय जुटाने के मामले में उससे गंभीर लापरवाही हुई, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

## Quote...

"Do not go where the path may lead, go instead where there is no path and leave a trail."
-Ralph Waldo Emerson

MORARI BAPU



"भाग जाना बहुत ही आसान है, पर जाग जाना बहुत कठिन है, आप भोगा मत बल्कि जागो"


सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# चांद के गड्ढों में कहां से आया पानी

◆ एस्टेरॉयड या धूमकेतु हैं जिम्मेदार, चंद्रयान-3 के डेटा से मिलेगा जवाब



**वॉशिंगटनः चंद्रमा पर एक स्पेस स्टेशन का निर्माण सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म के जैसा हो सकता है। लेकिन हर नया चंद्रमा मिशन इस विचार को वास्तविकता के करीब ले जाता है। वैज्ञानिक स्थायी रूप से छाया वाले इलाकों में विशाल बर्फ के भंडार की खोज कर रहे हैं। चंद्रमा पर किसी भी तरह के टिकाऊ बुनियादी ढांचा की स्थापना के लिए ये महत्वपूर्ण हो सकता है। अगस्त 2023 में भारत का चंद्रयान दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यहां बर्फ के भंडार हो सकते हैं। यह लैंडिंग सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।**

कोलोराडो बोल्डर यूनिवर्सिटी में खगोलभौतिकी और ग्रह विज्ञान के सहायक प्रोफेसर पॉल हेने ने कहा, 'मेरे जैसे ग्रह वैज्ञानिकों के लिए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के यंत्रों से मिली जानकारी चंद्रमा के उस हिस्से की झलक देते हैं, जिसमें बर्फ होने की सबसे ज्यादा संभावना है।' पहले के अवलोकनों से पता चला है कि कुछ स्थायी छाया वाले क्षेत्रों में बर्फ मौजूद है। हालांकि इस बर्फ के जमावों की मात्रा और इनका रूप वितरण के संबंध में अनुमान से एकदम अलग है।

### कहां से आया चांद पर पानी

प्रोफेसर पॉल की टीम वायुमंडलीय और अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला में यह समझने की कोशिश कर रही है, कि आखिर पानी कहां से आया। माना जाता है कि ये पानी धूमकेतु या एस्टेरॉयड से आया जो चांद से टकराए होंगे। इनमें से हर घटना अपने पीछे एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट छोड़ती है। इसलिए अगर हम उन फिंगरप्रिंट को देख सकें तो पानी के स्रोत का पता चल सकता है। उदाहरण के लिए अगर चंद्रमा पर बर्फ ज्वालामुखीय गतिविधियों से बनी तो बर्फ में जमा सल्फर अधिक मात्रा में होने की उम्मीद है।

### चंद्रमा पर खोजा सल्फर

पानी की तरह चंद्रमा पर सल्फर एक अस्थिर तत्व है। क्योंकि चंद्रमा की सतह पर यह आसानी से वाष्पीकृत होकर अंतरिक्ष में खो जाता है। इस वजह से इसके चंद्रमा के सिर्फ ठंडे हिस्से में जमा होने की उम्मीद है। विक्रम लैंडर किसी छाया वाली जगह पर नहीं उतरा। इसने 69.37 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर मिट्टी के दानों में सल्फर की पहचान की थी। वैज्ञानिक इस डेटा से उत्साहित है। उनका मानना है कि सल्फर चंद्रमा के पानी के स्रोत की ओर इशारा कर सकता है।

## Highlights


- They hugged me, gave almonds: Rescuers who 1st met trapped workers
- Families burst crackers, sweets offered after rescue of 41 workers
- If Azaan causes noise pollution, what about bhajan in temples?: Gujarat HC
- K'taka govt issues advisory after respiratory illness surge in China
- Cyclone Michaung likely to form over Bay of Bengal in next 48 hours: IMD
- India has the best engineers, we've witnessed a miracle: Tunnelling expert Dix on rescue

# Proton Drive is finally a cloud storage alternative to OneDrive and Google Drive

NEW DEIHI, (Agency). Proton's privacy focused approach to a suite that includes email and VPN, makes it a subscription alternative to Google or Microsoft's app ecosystems

Proton, a Swiss privacy focused software company, now has an arsenal of apps and services that go much beyond what it's perhaps best known for, the end-to-end encrypted Proton Mail. There's of course the encrypted Proton VPN, a calendar app and even a password management product called Proton Pass. But the toolset finally achieves some sort of completion, with the Proton Drive cloud storage service, now getting native support on all smartphone and computing device platforms.

A native app for Apple's Mac computing devices is now available, and it joins the apps for Android, iPhone, iPad and Windows PCs. In fact, the Mac app





arrives a few months after the native Proton Drive for Windows, which rolled out over the summer. The puzzle is complete. It also means Proton Drive can now be considered a viable, usable and secure alternative to Dropbox, Google Drive and Microsoft OneDrive. More so, if you are within the Apple device ecosystem, with a Mac computing device figuring prominently.

These latest set of developments happen, as coincidental as it is at a time when Google is ironing out technical issues with Drive.

Proton Drive's highlights include end-to-end encryption, file syncing on the cloud and all connected devices, offline file access and coming soon will be the option to also sync any folder residing in your Mac, to the cloud. Unlike how other cloud services work which do encryption on the cloud, Proton Drive encrypts any file that's being uploaded to cloud storage, on the device itself. Apps on Windows and Mac too, allow for downloading a file to local storage for access when you may not have internet connectivity.

# Probe Nawaz Modi, Gautam Singhania issue: IiAS to Raymond's independent directors

NEW DEIHI, (Agency). Raymond's independent directors should ask the promoters to step down, and actions must be taken to address the 'long-drawn acrimonious battle' between chairman and managing director Gautam Singhania and his estranged wife, board member Nawaz Modi, said proxy advisory firm Institutional Investor Advisory Services India



Limited (IiAS) in an open letter on Tuesday.

"Despite such serious and heinous accusations by one board member against another, you have remained silent. Investors are worried, as reflected in the significant erosion in stock price over the past few days. Your silence can be misconstrued – surely you don't want stakeholders thinking that these accusations are to be tolerated," the advisory firm wrote in an open letter.

On Tuesday, Raymond Group stock listed on the Bombay Stock Exchange (BSE) dropped to close at ₹1,578. Before Singhania announced his divorce with Nawaz Modi, Raymond shares were trading at over ₹1889 apiece.

# महिला सफाईकर्मी को कार ने मारी टक्कर, मौत

## ◆ कई फीट दूर जाकर गिरी, मौके पर ही दम तोड़ा, निगमकर्मियों ने किया चक्काजाम का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अहिल्या आश्रम के यहां बुधवार सुबह सफाई कर रही एक महिला कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला कई फीट दूर जाकर गिरी। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद नगर निगम के कर्मचारी यहां पहुंचे। उन्होंने चक्काजाम किया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्हें समझाइश देकर चक्काजाम खुलवाया।**



सदर बाजार पुलिस के मुताबिक घटना वार्ड 57 की है। यहां अमरलता पति शेरा उर्फ भगतसिंह गोहर निवासी कमाठीपुरा सड़क पर सफाई कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। यहां से गुजर रहे लोगों ने बताया कि कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। जिसमें महिला को टक्कर मारती हुई वह सड़क किनारे जा घुसी। हादसे में लता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद नगर निगम के वायरलेस सेट पर जैसे ही लता की मौत की सूचना आई। यहां नगर निगम के अन्य सफाईकर्मी भी पहुंचे। उनहोंने चक्काजाम का प्रयास किया। जिसमें पुलिस ने मौके पर उन्हें समझाइश दी। बाद में उन्होंने ड्रायवर की गिरफ्तारी को लेकर थाने जाकर घेराव करने की बात कही। नगर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि कार में एक महिला ओर दो पुरूष बैठे थे। उनहोंने कार को रोकने की भी कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने अन्य नगर निगम के कर्मचारियों से धक्कामुक्की की। पुलिस ने इस मामले में कार नबर टढ09ल्ल1453 के ड्रायवर के खिलाफ धमकाने ओर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के साथ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर करता रहा रेप

## लिव इन में रहने का बनाया दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक ब्यूटीशियन ने अपने बॉयफ्रेंड के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि युवक शादी करने का झांसा देकर उससे संबंध बनाता रहा। बाद में शादी करने से मना कर दिया। उससे मारपीट की और लिव इन में रहने का दबाव बना रहा था।**

ये वही ब्यूटीशियन है जिसके लिए 2022 में एक सिरफिरे आशिक ने उसके घर की बिल्डिंग में आग लगाई थी। जलने और दम घुटने में सात लोगों की मौत हो गई थी।

चंदन नगर पुलिस ने 23 साल की युवती की शिकायत पर ग्रीन पार्क कॉलोनी में रहने वाले अयानुद्दीन कुरैशी के खिलाफ रेप, ब्लैकमेल करने और धमकाने का केस दर्ज किया है। युवती ने बताया वह आरोपी को 2017 से जानती है। आरोपी उसके चचेरे भाई का दोस्त है। उसी के जरिए दोनों की पहचान हुई थी। फिर मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए और आपस में बातचीत करने लगे। दोस्ती होने के बाद आरोपी उसे घुमाने ले जाने लगा।

कुछ दिन बाद युवक ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। अप्रैल 2018 में पीड़िता को ग्रीन पार्क कॉलोनी में अपने घर ले गया। यहां संबंध बनाए। युवती ने संबंध बनाने से मना किया तो उसने शादी करने का वादा किया। इसके बाद कई बार मर्जी के बिना भी संबंध बनाए। बाद में अलग-अलग जगह ले जाकर रेप किया। युवती ने जब परिवार से बात कर शादी करने के लिए कहा तो उसने कहा कि मां ने मना कर दिया है, इसलिए वह शादी नहीं कर पाएगा। इसके बाद उसने मारपीट की और कहा कि बिना शादी के ही साथ रहना होगा।

### युवती के घर आकर की मारपीट

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर को घर आया और मारपीट करते हुए संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। उसे रोका तो कहा कि जब वह कहेगा तब उसके मुताबिक संबंध बनाने पड़ेंगे, नहीं तो अच्छा नहीं होगा। उसने इसके बाद फोटो और वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गत दिवस अखबारों में खबर छपी की बिहार सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा सनातन हिंदू धर्म के खिलाफ फैसला लिया गया है । बिहार सरकार ने हिंदू त्योहार महाशिवरात्रि,रामनवमी, जन्माष्टमी, रक्षाबंधन,गुरुनानक जयंती,तीज, श्रावण का अंतिम सोमवार, अनंत चतुर्दशी इत्यादि त्योहारों पर जो शासकीय छुट्टियां निर्धारित थी । उन्हें अब समाप्त कर दिया है और तो और 2 अक्टूबर गांधी जयंती और शास्त्री जयंती की छुट्टियां जो की राष्ट्रीय अवकाश रहता है। उसे भी समाप्त कर ईद,बकरा ईद और मोहर्रम की छुट्टियों को 3-3 दिन तक के लिए बढ़ाया गया है ।

## कॉलोनाइजर ने रहवासी संघ उपाध्यक्ष महिला को दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के एक कॉलोनाइजर ने रहवासी संघ की महिला उपाध्यक्ष को धमकी दी है। इसके विरोध में रहवासी राजेंद्र नगर थाने पहुंचे। यहां सभी कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर की मांग की। मामला ट्रेजर टाउनशिप का है। ट्रेजर टाउन रहवासी संघ की उपाध्यक्ष रेणु सोनी को ट्रेजर टाउन प्राइवेट लिमिटेड कालोंनाइजर द्वारा धमकी दी गई। रहवासी संघ द्वारा थाना राजेंद्र नगर पर कालोंनाइजर के खिलाफ एफआईआर की माँग को लेकर प्रदर्शन जारी।

### मामला मासूम छात्र पर राउंडर से हमला करने का ...

# छात्रों की किशोर न्याय अधिनियम में जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम क्षेत्र के निजी स्कूल में खेलने के दौरान विद्यार्थियों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें तीन छात्रों ने मिलकर एक छात्र पर राउंडर से पैर-जांघ पर 108 से ज्यादा घाव कर दिए थे। मामले में पुलिस अब छात्रों पर जूवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जांच कर रही है। इसमें हमला करने वाले छात्रों और घायल छात्र से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में बाल कल्याण समिति भी शामिल है।**

घटना शुक्रवार को स्कूल परिसर में हुई थी और मामले में रविवार को पुलिस के पास शिकायत पहुंची थी। चौथी कक्षा के चार विद्यार्थी आपस में खेल रहे थे। इस दौरान झगड़ा हो गया। बाद में तीन छात्रों ने मिलकर राउंडर से हमला किया। मामले में पीड़ित विद्यार्थी के स्वजन पहले स्कूल के प्राचार्य को शिकायत करने पहुंचे, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने थाने में आवेदन दिया है।

# जू में सांपों के लिए हीटर और कंबल

## ठंड में हिरण के लिए बिछाई सूखी घास, शेर के लिए फट्टे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ठंड के कारण इंदौर जू के जानवरों के लिए भी इंतजाम बदले गए हैं। उनके आसपास गर्मी बनाए रखने के लिए हीटर, चादर समेत तमाम प्रयास किए हैं ताकि उनकी सेहत पर निगेटिव असर ना पड़े। दरअसल अरब सागर के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा बना हुआ है। टर्फ लाइन गुजरने के कारण नमी के साथ बारिश से जुड़ा सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग है। प्राणी संग्रहालय में 175 प्रजाति के 1350 से ज्यादा वन्य प्राणी हैं। चिड़ियाघर में सांप के लिए सबसे बड़ा स्नेक हाउस बना है। यहां हीटर लगा दिया है। बड़े बल्ब और हैलोजन भी हैं। पिंजरे में गर्म कपड़े और कंबल डाले गए हैं। ऊपर बनाए गए डक्ट से धूप भी मिलती रहे, यह भी व्यवस्था की है। दिन में धूप अंदर आ सके इसलिए सुबह शेड हटाए जाते हैं। हिरण के लिए बिछौने के रूप में सूखी घास बिछाई गई है। बाघ और शेरों के बाड़े में भी लकड़ी के फट्टे बिछाए गए हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।